ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय
बीकानेर

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 09-07-2024

जालौर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2024-07-09 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2024-07-10	2024-07-11	2024-07-12	2024-07-13	2024-07-14
वर्षा (मिमी)	7.0	3.0	0.0	1.0	1.0
अधिकतम तापमान(से.)	35.0	34.0	35.0	34.0	36.0
न्यूनतम तापमान(से.)	27.0	26.0	25.0	24.0	25.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	63	69	71	72	71
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	44	46	56	51	49
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	21	33	33	24	19
पवन दिशा (डिग्री)	245	234	227	231	228
क्लाउड कवर (ओक्टा)	8	8	8	6	6

मौसम सारांश / चेतावनी:

आने वाले दिनों में दिन के तापमान में हल्की कमी होने, मध्यम से अधिक आपेक्षिक आद्रर्ता के साथ तेज गति की हवाएँ चलने, घने बादल छाये रहने के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना है।

सामान्य सलाहकार:

आने वाले दिनों में हल्की बारिश होने की संभावना हैं अतः किसान भाइयों को सलाह दी जाती हैं कि गर्मियों वाले बाजरा की कटाई की हुई फसल को सुरक्षित स्थान पर भंडारित करें या खेत में ऊँचे स्थान पर ढेर बनाकर तिरपाल या प्लास्टिक से ढकने की व्यवस्था करें।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी दिनों में घने बादल छाये रहने के साथ हल्की बारिश होने की संभावना हैं।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
मूँगफली	आने वाले दिनों में हल्की बारिश होने की संभावना हैं अतः किसान भाइयों को सलाह दी जाती हैं कि कटाई की हुई मूँगफली की फसल को सुरक्षित स्थान पर भंडारित करें या खेत में ऊँचे स्थान पर ढेर बनाकर तिरपाल या प्लास्टिक से ढकने की व्यवस्था करें।

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
बाजरा	खरीफ बाजरे की बुवाई का उपयुक्त समय जून मध्य से जुलाई का तृतीय सप्ताह है अतः किसान भाइयों को सलाह दी जाती है कि उन्नत किस्म के प्रमाणित बीज, खाद तथा बीज उपचार हेतू रसायन की व्यवस्था करें तथा बुवाई के 2 या 3 सप्ताह पहले 10 से 12 टन अच्छी तरह सड़ी हुई गोबर की खाद का प्रयोग करे। बाजरे की बुवाई के लिए 4 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से उन्नत किस्मों जैसे एम.पी.एम.एच.-17, एच.एच.बी.-67(इम्प्रूवड) तथा राज-171 का बीज काम में लेवें। बुवाई मौसम पूर्वानुमान के अनुसार ही करें।
मूँग	मूँग की बुवाई का उपयुक्त समय मध्य जून से मध्य जुलाई है अतः किसान भाइयों को सलाह दी जाती है कि उन्नत किस्म के प्रमाणित बीज, खाद तथा बीज उपचार हेतू रसायन की व्यवस्था करें। मूँग की बुवाई के लिए 16 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से उन्नत किस्मों जैसे जी.एम.-4, जी.ए.एम.-5, जी.ए.एम.-6 तथा आई.पी.एम.-02-03 का बीज काम में लेवें तथा बुवाई से पहले बीजों को ट्राईकोड्र्मा विरिडी 8 से 10 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज की दर से उपचारित कर ले। बुवाई मौसम पूर्वानुमान के अनुसार ही करें।
ग्वारफली	ग्वार की बुवाई का उपयुक्त समय वर्षा प्रारम्भ या मध्य जून से मध्य जुलाई है अतः किसान भाइयों को सलाह दी जाती है कि उन्नत किस्म के प्रमाणित बीज, खाद तथा बीज उपचार हेतू रसायन की व्यवस्था करें। ग्वार की बुवाई के लिए 16 से 20 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से उन्नत किस्मों जैसे आर.जी.सी.-936, आर.जी.सी.-1033, आर.जी.सी.-1038 तथा आर.जी.सी.-1066 का बीज काम में लेवें तथा बुवाई से पहले बीजों को ट्राईकोड्र्मा विरिडी 10 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज की दर से उपचारित कर ले। बुवाई मौसम पूर्वानुमान के अनुसार ही करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाहः

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	पंजीकृत पशु चिकित्सक की सलाह अनुसार लगड़ी बुखार तथा गलघोंटू का टीकाकरण अवश्य करवा लेवें।